Seat No. : _______________

# MO-124

**March-2019**

**M.A., Sem.-IV**

**510 : Hindi**

**(विशिष्ट साहित्यकार–गजानन माधव मुक्तिबोध)**

**Time : 2:30 Hours]** **[Max. Marks : 70**

1. (A) गजानन माधव मुक्तिबोध के संघर्षरत जीवन का विस्तृत परिचय दीजिए। **14**

**अथवा**

मुक्तिबोध के साहित्यिक जीवन की शुरुआत किस प्रकार की राजनीतिक तथा साहित्यिक पृष्ठभूमि में हुई है ? स्पष्ट कीजिए।

(B) निम्नलिखित में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर योग्य विकल्प चुनकर/एक वाक्य में लिखिए : **4**

(1) प्रारंभ में मुक्तिबोध किस नाम से साहित्य रचना करते थे ?

(A) मुक्तिकाम माधवायन (B) मुक्तिबोध माधवायन

(C) गजानन माधवायन (D) गजानन मुक्तिबोध

(2) मुक्तिबोध की संपूर्ण रचनाओं में किस वाद का चिंतन व्याप्त है ?

(A) प्रगतिवाद (B) मार्क्सवाद

(C) प्रतीकवाद (D) यथार्थवाद

(3) किस शहर का जीवन मुक्तिबोध के लिए संघर्षकाल था ?

(A) जबलपुर (B) रायपुर

(C) नागपुर (D) बंगलौर

(4) मुक्तिबोध की प्रारंभिक रचनाओं पर किस वाद का प्रभाव दिखाई देता है ?

(5) मुक्तिबोध का शान्ताबाई से परिचय किस शहर में हुआ था ?

(6) मुक्तिबोध की मराठी में लिखी हुई एकमात्र कविता किस शीर्षक से प्रकाशित है ?

2. (A) गजानन माधव मुक्तिबोध की काव्यगत विशेषताओं पर प्रकाश डालिए। **14**

**अथवा**

गजानन माधव मुक्तिबोध की काव्ययात्रा पर सविस्तार चर्चा कीजिए।

(B) निम्नलिखित में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर योग्य विकल्प चुनकर/एक वाक्य में लिखिए : **4**

(1) मुक्तिबोध की कविताएँ प्रथम बार कहाँ प्रकाशित हुई थीं ?

(A) चतुर्थ तारसप्तक (B) द्वितीक तारसप्तक

(C) तारसप्तक (D) तृतीय तारसप्तक

(2) मुक्तिबोध ने अपने संघर्षकाल में कौन सी महत्त्वपूर्ण कविता लिखी ?

(A) भूल गलती (B) ब्रह्मराक्षस

(C) अंधेरे में (D) मुझे कदम–कदम पर

(3) मुक्तिबोध के कितने काव्यसंग्रह प्रकाशित हुए हैं ?
(A) दो (B) तीन
(C) पाँच (D) एक भी नहीं

(4) छायावाद पर नवीन विचार करने वाली मुक्तिबोध की रचना का नाम क्या है ?

(5) मुक्तिबोध की किस रचना पर मध्य प्रदेश सरकार ने पाबंदी लगाई थी ?

(6) मुक्तिबोध का एकमात्र प्रकाशित उपन्यास कौन सा है ?

3. (A) 'मुक्तिबोध की सृजनात्मकता का आधार फैंटेसी है ।' – 'अँधेरे में' कविता के माध्यम से इस कथन की चर्चा कीजिए । **14**

**अथवा**

'पक्षी और दीमक' कविता में पक्षी की अधिक सुख बटोरने की लालच सविस्तार समझाइए ।

(B) निम्नलिखित में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर योग्य विकल्प चुनकर/एक वाक्य में लिखिए : **3**

(1) कवि को कदम-कदम पर क्या मिलते हैं ?
(A) रास्ते (B) अंधी गलियाँ
(C) चौराहे (D) दो राहे

(2) कवि ने 'ब्रह्मराक्षस' का दूसरा अर्थ क्या बताया है ?
(A) शापित आत्मा (B) शापित प्रतिभा
(C) शापित ब्रह्मा (D) निराकारी ब्रह्म

(3) 'काठ का सपना' कहानी में निष्प्राण काठ हो जाने का सपना कौन देखता है ?
(A) पुत्री सरोज (B) अभावग्रस्त माता
(C) थका-हताश पिता (D) निष्क्रिय पडोसी

(4) विश्व की समस्त विधाओं में पारंगत होने के बावजूद भी किसे शिष्य प्राप्त नहीं होता है ?

(5) पक्षी अपनी पंख देकर बदले में क्या प्राप्त करता है ?

4. (A) मुक्तिबोध ने 'जनता का साहित्य' किसे माना है ? सविस्तार चर्चा कीजिए । **14**

**अथवा**

मुक्तिबोध द्वारा दिए गए साहित्य के विभिन्न दृष्टिकोण समझाइए ।

(B) निम्नलिखित में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर योग्य विकल्प चुनकर/एक वाक्य में लिखिए **3**

(1) मुक्तिबोध ने जीवन का ज्ञान प्राप्त करने का कलात्मक साधन किसे माना है ?
(A) साहित्य (B) भावना
(C) विचार (D) दृष्टि

(2) जीवन-मूल्यों और जीवनादर्शों को दृष्टि में रखकर लिखा गया साहित्य किसका माना जायेगा ?
(A) बुद्धिजीवियों का (B) जनता का
(C) पूँजीपतियों का (D) समाज का

(3) मुक्तिबोध ने आत्मसंघर्ष के कितने स्वरूप माने हैं ?
(A) त्रिविध (B) चतुर्थ
(C) सप्तम (D) दशम्

(4) मुक्तिबोध ने 'रचना-प्रक्रिया' के कितने तत्व माने हैं ?

(5) 'एक साहित्यिक की डायरी' की विधा क्या है ?

---